C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 258 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 19 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## निकाय-पंचायत चुनाव टालने पर सरकार घिरी, हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर

### 15 अप्रैल की समय सीमा पर संकट, मतदाता सूची कार्यक्रम 22 अप्रैल तक; पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने उठाए सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव को लेकर एक बार फिर सियासी और कानूनी हलचल तेज हो गई है। चुनाव में हो रही देरी के बीच पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग के खिलाफ राजस्थान हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर दी है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सरकार और आयोग जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया को टाल रहे हैं, जो कोर्ट के आदेश की सीधी अवमानना है।

लोढ़ा ने अपनी याचिका में राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम को मुख्य आधार बनाया है। आयोग ने चरणबद्ध तरीके से 22 अप्रैल तक अंतिम मतदाता सूची जारी करने का कार्यक्रम तय किया है। ऐसे में स्पष्ट है कि 15 अप्रैल तक चुनाव सम्पन्न कराना संभव नहीं होगा, जबकि हाईकोर्ट ने इसी तारीख तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे।

### लीगल नोटिस के बाद उठाया कानूनी कदम

अवमानना याचिका दायर करने से पहले संयम लोढ़ा ने अधिवक्ता पुनीत सिंघवी के माध्यम से राज्य सरकार और चुनाव आयोग को लीगल नोटिस भेजा था। नोटिस में आयोग से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को संशोधित कर 15 अप्रैल की समय सीमा के अनुरूप नया शेड्यूल जारी करने की मांग की गई थी।

लोढ़ा ने चेतावनी दी थी कि यदि कार्यक्रम में बदलाव नहीं किया गया तो वे कोर्ट की शरण लेंगे। निर्धारित समय में कोई संशोधन नहीं होने पर अब उन्होंने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर दी है।

### कोर्ट के स्पष्ट निर्देश, फिर भी देरी के आरोप

गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट ने 14 नवंबर 2025 को 439 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को 15 अप्रैल 2026 तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने के सख्त निर्देश दिए थे। साथ ही, सरकार को 31 दिसंबर 2025 तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने के आदेश भी दिए गए थे।

इसके बाद इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई हुई, जहां शीर्ष अदालत ने भी राज्य में 15 अप्रैल तक चुनाव कराने की आवश्यकता पर



जोर दिया था।

### चुनावी टाइमलाइन पर बढ़ा संकट

वर्तमान हालात में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल तक प्रस्तावित होने से चुनाव कार्यक्रम पूरी तरह प्रभावित होता नजर आ रहा है। ऐसे में अब यह मामला न्यायालय में नई बहस को जन्म देगा और आने वाले दिनों में चुनावी प्रक्रिया को लेकर बड़ा फैसला सामने आ सकता है।

## टायर फटने से हाईवे पर पलटा फलों से भरा ट्रक, बड़ा हादसा टला




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** नेशनल हाईवे-27 पर बुधवार को कल्याणपुरा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बालोतरा मंडी से झांसी की ओर जा रहा फलों से भरा एक ट्रक अचानक हादसे का शिकार हो गया। चलते ट्रक का टायर फटने से चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

हादसे में चालक को हल्की चोटें आईं, जिसे मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और आसपास गुजर रहे अन्य वाहन भी सुरक्षित रहे।

ट्रक पलटने से उसमें लदी फलों की पेटियां सड़क पर बिखर गईं, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बिखरे माल को समेटने में सहयोग करते हुए मार्ग को सुचारू कराया।


घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू करते हुए हादसे के कारणों की जांच शुरू की है।

## राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर शिकायत निस्तारण में रिकॉर्ड सुधार, संतुष्टि 80% के पार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी, जवाबदेह एवं नागरिक-केंद्रित शासन व्यवस्था को मजबूती मिली है। राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) के माध्यम से लोक शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के चलते मार्च 2026 में नागरिक संतुष्टि का स्तर 80 प्रतिशत से अधिक पहुंच गया है, जो पूर्व माह के 69.54 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।

राज्य सरकार लोक शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं कई बार हेल्पलाइन (181) का निरीक्षण कर परिवादियों से सीधे संवाद कर चुके हैं तथा विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए हैं। वहीं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री



सुमित गोदारा ने भी हाल ही में हेल्पलाइन का दौरा कर शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लिया।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सभी विभागों के प्रभारी सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे 4 मार्च से 28 अप्रैल तक निर्धारित तिथियों में राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन केंद्र पर उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद करें। इसके तहत एसीएस से लेकर शासन सचिव स्तर तक के अधिकारी नियमित रूप से कॉल के माध्यम से फीडबैक ले रहे हैं, जिससे शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। मुख्य सचिव ने बताया कि नागरिक-केंद्रित शासन सरकार की प्राथमिकता है और हेल्पलाइन (181) 'नेक्स्ट जेन जन संपर्क' के रूप में तकनीक के जरिए सरकार और जनता के बीच की दूरी कम कर रही है। वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन संपर्क केंद्र पर पहुंचकर नागरिकों से संवाद स्थापित कर रहे हैं, जिससे निस्तारण की गुणवत्ता बेहतर हुई है। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को हेल्पलाइन (181) पर एक दिन में 25,254 शिकायतों का निस्तारण कर 'ऑल टाइम हाई' दर्ज किया गया। उसी दिन 11,788 नई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। साथ ही औसत निस्तारण अवधि घटकर 7 दिन रह गई है, जो तेजी से हो रहे समाधान को दर्शाती है।

राजस्थान सरकार की यह पहल नागरिकों की समस्याओं का घर बैठे समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। प्रदेश के नागरिक अपनी शिकायतों के लिए टोल-फ्री नंबर 181, राजस्थान संपर्क पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

## वाहन चेकिंग के दौरान हादसा, ट्रेलर की टक्कर से गार्ड घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत**

शहर के भीलवाड़ा बाइपास पर बिजली ग्रीड के पास राजस्व वसूली के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई। परिवहन विभाग के गार्ड को तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने रुकने के बजाय टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर विभाग की टीम नेशनल हाईवे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान गार्ड छोटू सिंह ने गुजरात नंबर के एक संदिग्ध ट्रेलर को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी और लापरवाही से चलाते हुए छोटू सिंह को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रेलर लेकर मौके से फरार हो गया।



टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छोटू सिंह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। उनके सिर में गहरा घाव और पैर में गंभीर चोट आई है। विभाग की टीम उन्हें तत्काल महात्मा गांधी अस्पताल ले गई, जहां ट्रॉमा सेंटर में उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, पैर में फ्रैक्चर है और सिर पर कई टांके लगाने पड़े हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गुजरात नंबर के ट्रेलर को जब्त कर लिया। बाद में फरार चालक को भी हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह हादसा लापरवाही से हुआ या जानबूझकर टक्कर मारी गई।

## सीएम भजनलाल शर्मा से भाजपा जिलाध्यक्ष की मुलाकात, भीलवाड़ा के विकास व चुनावी रणनीति पर चर्चा

### जयपुर में हुई उच्चस्तरीय बैठक जिले के प्रशासनिक कामकाज, संगठन और आगामी चुनावों को लेकर लिया फीडबैक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बुधवार को जयपुर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के प्रशासनिक कामकाज, राजनीतिक गतिविधियों और संगठनात्मक स्थिति को लेकर विस्तार से फीडबैक लिया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिले के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर बिंदुवार जानकारी ली।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानी और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली की भी समीक्षा की।

बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों



की अपने-अपने क्षेत्रों में स्थिति, संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने आगामी पंचायती राज और निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए जिले के राजनीतिक समीकरणों पर भी विस्तार से मंथन किया।

उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर की तैयारियों का फीडबैक लिया। साथ ही वैचारिक प्रशिक्षण शिविरों की प्रगति और कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर भी चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं के बौद्धिक विकास और पार्टी की विचारधारा के प्रसार पर जोर दिया।

वहीं, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री को जिले की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की आगामी रणनीति और जनता की अपेक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने विश्वास जताया कि भीलवाड़ा भाजपा का मजबूत गढ़ बना रहेगा और आगामी चुनावों में पार्टी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिलाध्यक्ष के सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए भीलवाड़ा जिले के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

## अपहरण व जानलेवा हमले के आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार में दहशत; पत्नी ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**( पुनित चपलोत )**

जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमले और अपहरण के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीडित परिवार दहशत में है। बुधवार को पीडित की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

हाथीपुरा निवासी माया देवी रेगर ने एसपी को दी गई रिपोर्ट में बताया कि 9 मार्च की शाम को कालू लाल उर्फ अरविंद ने उसके पति कैलाश रेगर को फोन कर सवाईपुर बुलाया था। जब कैलाश बाइक से जा रहा था, तब कुडी और हाथीपुरा के बीच एक स्कॉर्पियो सवार आरोपियों ने उसे रोक लिया।

आरोप है कि पवन, सत्यनारायण, पुष्पा और अन्य 2-3 लोगों ने लाठियों और टामियों से लैस होकर कैलाश पर हमला कर दिया। हमलावरों ने जातिगत अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए कैलाश के हाथ-पैर तोड़ दिए। इसके बाद आरोपी उसे लहूलुहान




हालत में अपहरण कर उसके घर के बाहर फेंक गए और परिजनों को भी जान से मारने की धमकी दी।

पीडिता ने बताया कि उसके पति वर्तमान में महात्मा गांधी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मरणासन्न हालत में भर्ती हैं। इस संबंध में बड़लियास थाने में मुकदमा दर्ज है, जिसकी जांच डीएसपी मांडलगढ़ कर रहे हैं। माया देवी का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं और वे लगातार परिवार को डरा-धमका रहे हैं।

C M Y K

# 3 साल से अटका 2 करोड़ का भुगतान, ठेकेदार भूख हड़ताल पर दूसरे दिन बिगड़ी तबीयत

## माण्डलगढ़ में उपखंड कार्यालय के बाहर चल रहा है धरना, जिम्मेदारों की अनदेखी; परिजनों ने निजी नर्स बुलाकर कराया इलाज

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।**

नगर पालिका में पिछले तीन वर्षों से करीब 2 करोड़ रुपये के निर्माण एवं विकास कार्यों का भुगतान अटका होने के विरोध में उपखंड कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे ठेकेदारों की दूसरे दिन अचानक तबीयत बिगड़ गई। चिंताजनक बात यह रही कि ठेकेदारों की हालत खराब होने के बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर हालचाल जानने नहीं पहुंचा।

धरना एवं भूख हड़ताल पर बैठे ठेकेदार प्यारचन्द्र रेगर और शंकर लाल रेगर के परिजनों ने बताया कि भूख और प्यास के कारण दोनों की तबीयत लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी प्रकार की जनहानि होती है तो इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

स्थिति गंभीर होने पर परिजनों ने निजी मेल नर्स को मौके पर बुलाया, जहां दोनों को ग्लूकोज की ड्रिप और इंजेक्शन लगाए गए। गौरतलब है कि धरना स्थल से महज 25 मीटर दूरी पर उपखंड कार्यालय स्थित है, इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली।

दोनों ठेकेदारों ने इस मामले में भीलवाड़ा कलेक्टर, माण्डलगढ़ एसडीएम और नगर पालिका ईओ को पहले ही लिखित शिकायत और




भूख हड़ताल की सूचना दे रखी है।

जानकारी के अनुसार, माण्डलगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में दोनों संवेदकों द्वारा करीब तीन साल पहले दो दर्जन से अधिक पक्के निर्माण कार्य किए गए थे। इन कार्यों का भौतिक सत्यापन कनिष्ठ अभियंता द्वारा किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद भुगतान लंबित है। वहीं, इसी अवधि में अन्य ठेकेदारों के कार्यों का भुगतान किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार, भुगतान में कथित कमीशनखोरी भी बाधा बन रही है।

उल्लेखनीय है कि करीब चार वर्ष पूर्व संवेदक प्यारचन्द्र रेगर ने निर्माण कार्यों के भुगतान के बदले तत्कालीन पालिकाध्यक्ष संजय कुमार डांगी द्वारा 25 से 30 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने की शिकायत एसीबी में की थी, जिसके बाद डांगी ट्रैप हुए थे। नगर पालिका प्रशासन की हठधर्मिता से परेशान होकर दोनों संवेदक अब भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो गए हैं।

# बाइक के चेंबर में छिपाई 1.561 किलो अफीम बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**



**(दिनेश पारीक )** । जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 1.561 किलोग्राम अफीम बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए अफीम को मोटरसाइकिल के चेंबर में छिपा रखा था, लेकिन पुलिस की सतर्कता के आगे उनकी चालाकी नहीं चल सकी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर एक संदिग्ध बाइक को रोका। तलाशी के दौरान बाइक के चेंबर में छिपाई गई अफीम बरामद हुई, जिसके बाद दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामलाल गुर्जर (40), निवासी नीमच (मध्यप्रदेश) और लालू गुर्जर (41), निवासी झालावाड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अब इस मामले में सप्लाई चेन और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में जुट गई है। कार्रवाई में कोटड़ी थाना अधिकारी महावीर प्रसाद और पारोली थाना अधिकारी सियाराम सहित टीम की अहम भूमिका रही।

# दिव्यांग कर्मचारियों के आश्रितों की अनुकम्पा नियुक्ति पर सरकार रुख स्पष्ट करेः कोठारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान में स्थायी पूर्ण दिव्यांग घोषित सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देने से जुड़े नियमों पर राज्य सरकार से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की है, ताकि पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ मिल सके।

विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से व्यक्तिगत भेंट कर पत्र सौंपते हुए बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति नियम 2023 के तहत 55 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित होने के कारण कई आवेदनों को निरस्त किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या इस आयु सीमा को संशोधित कर सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष तक लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 2 सितंबर 2024 को जारी परिपत्र में 26 अप्रैल 2023 से पूर्व दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में मेडिकल बोर्ड प्रमाण-पत्र के आधार पर प्रकरण स्वीकार करने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसमें 55 वर्ष की आयु सीमा का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। इस पर सरकार का स्पष्ट रुख सामने आना आवश्यक है।

विधायक कोठारी ने नियम 2023 के नियम 14 (कठिनाइयों के निवारण की शक्ति) का उल्लेख करते हुए पूछा कि क्या राज्य सरकार को विशेष आदेश जारी करने का अधिकार है और यदि है, तो अब तक कितने मामलों में इस शक्ति का उपयोग किया गया है।

इसके साथ ही उन्होंने कार्मिक विभाग के आदेश को वेबसाइट से हटाए जाने के कारणों की जानकारी भी मांगी है।

विधायक ने वर्ष 2023 से 2026 तक अनुकम्पा नियुक्ति नियम के तहत प्राप्त कुल आवेदनों, 55 वर्ष की आयु सीमा के कारण निरस्त आवेदनों तथा ऐसे मामलों का विवरण भी मांगा है, जिनमें कर्मचारी दुर्घटना या बीमारी के समय 55 वर्ष से कम थे, लेकिन मेडिकल बोर्ड की तिथि के आधार पर आयु अधिक मानकर आवेदन अस्वीकार कर दिए गए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट करने की मांग की है कि ऐसे मामलों में दुर्घटना या बीमारी की तिथि को आधार माना जाएगा या मेडिकल बोर्ड प्रमाण-पत्र की तिथि को।

इसके अलावा विधायक कोठारी ने राज्य में स्थायी पूर्ण दिव्यांग घोषित सरकारी कर्मचारियों की कुल संख्या, विभागवार विवरण तथा अनुकम्पा नियुक्ति नियम 2023 में संभावित संशोधन को लेकर सरकार की आगे की रणनीति की जानकारी भी मांगी है।

# हिंदू नववर्ष पर छोटा रुणीचा धाम में आज भव्य भजन संध्या, हजारों श्रद्धालु जुटेंगे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**नरेश धाकड़** । हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर श्री बाबा रामदेव जी एवं श्री चैतन्य कानिफ नाथ जी को समर्पित छोटा रुणीचा धाम में 19 मार्च को भजन सम्राट गोकुल शर्मा की विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। रात्रि 1 बजे बाबा द्वारा भव्य फूलों की होली का आयोजन भी किया जाएगा।



छोटा रुणीचा धाम के गादीपति हीरालाल जोगी ने बताया कि आयोजन की तैयारी के तहत दातार भक्तों की यात्रा हाड़ौती के चार जिलों से होते हुए मेवाड़ में प्रवेश कर 40 दिनों तक भ्रमण के बाद मंदिर पहुंची, जिसे भक्तों का भारी समर्थन मिला।

भजन संध्या में श्री श्री 108 महामंडलेश्वर सच्चिदानंद जी



महाराज जूना अखाड़ा, हनुमतदास महाराज, बापू अमर सिंह तंवर बाबा रामदेव के वंशज , राजपाल नाथ महाराज हरियाणा सहित कई संत-महात्मा उपस्थित रहेंगे।

शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद पंडित दुर्गेश शर्मा के सान्निध्य में हवन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए, जिसमें गादीपति हीरालाल जोगी, राजपाल नाथ महाराज, मंदिर कमेटी अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा सहित कई श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए तहसीलदार ललित डीडवानिया एवं अधिकारी स्वागत पांडे ने स्थल एवं पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बड़लियास थाने में सीएलजी बैठक, कानून-व्यवस्था व यातायात सुधार पर चर्चा



**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

**(रोशन)।** कस्बा स्थित थाना परिसर में थाना अधिकारी मुनीराम चोयल के नेतृत्व में सीएलजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए आगामी नवरात्रि एवं अन्य त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने पर जोर दिया गया।

बैठक में साइबर क्राइम, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर सहमति बनी।


सीएलजी सदस्यों ने विद्यालयों एवं अस्पतालों के आसपास तेज गति और तेज आवाज में चलने वाले ट्रैक्टर व अन्य वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग उठाई। इसके साथ ही स्कूलों और अस्पतालों के बाहर स्पीड ब्रेकर निर्माण का सुझाव दिया गया। इस पर थाना अधिकारी ने पीडब्ल्यूडी विभाग से समन्वय कर तीन दिन के भीतर स्पीड ब्रेकर बनवाने का आश्वासन दिया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों को कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ सके।

इस दौरान राजेश सुवालका, बालू लाल जोशी, शिव जोशी, राधेश्याम पोरवाल, प्रकाश चंद्र रेगर, मदन प्रजापत, भेरू शर्मा, जाकिर हुसैन, मोइनुद्दीन, कैलाश चंद्र रेगर, भागचंद, पप्पू जोशी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# कंटेनर व कार में हुई जोरदार टक्कर, कार चालक सीए की मौत





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे में कोटड़ी चौराया के निकट बुधवार शाम को एक कंटेनर व कार में आमने-सामने की जोरदार की टक्कर हो गई । जिसमे कार चालक युवक की मौत हो गई । सुचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा । एएसआई प्यार चंद खटीक ने बताया कि भीलवाड़ा कोटा रोड पर सवाईपुर के कोटड़ी चौराहे के पास बुधवार देर शाम भीलवाड़ा से मांडलगढ़ बीगोद की तरफ जा रहे कंटेनर की सामने से आ रही कार से जोरदार की टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्ती की कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया, वही इस हादसे में कार चालक पीयूष शर्मा ( सीए ) पिता राम कृष्ण शर्मा निवासी ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री नगर, भीलवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया, गंभीर घायल को सवाईपुर 108 एंबुलेंस के मदद से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया । 108 चालक हरि निवास जाट ने बताया कि डॉक्टर ने घायल पीयूष को मृत घोषित किया । पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाया, वही मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ जमा हो गई ।।

# महिला मंडल ने गणगौर पर निकाला सेवरा, उमंग-उत्साह का माहौल



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

कस्बे में गणगौर पर्व के अवसर पर महिला मंडल द्वारा पारंपरिक सेवरा निकाला गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सोलह श्रृंगार किया और आकर्षक सेवरा सजाया।

सेवरा बाग के बालाजी मंदिर से रवाना होकर सदर बाजार होते हुए लक्ष्मीनाथ मंदिर पहुंचा। पूरे मार्ग में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने गीत-भजन गाते हुए गणगौर माता की आराधना की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं और आयोजन ने कस्बे के धार्मिक वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया।

# मकान तोड़ने और झूठे मुकदमों का आरोप, प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनीत चपलोत**




घुमंतू जनाधिकार समिति (अजमेर संभाग) ने जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर घुमंतू परिवारों के साथ हो रहे कथित अन्याय एवं मानवाधिकार हनन के मामलों में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

समिति के जिला संयोजक जगदीश दास रंगास्वामी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि सुरेश कालबेलिया का परिवार पिछले 25 वर्षों से निवास कर रहा है तथा उनके पास इंदिरा आवास योजना के तहत स्वीकृत मकान और वैध बिजली कनेक्शन है। आरोप है कि 13 मार्च को अतिक्रमण दस्ते ने बिना पूर्व सूचना कार्रवाई करते हुए मकान और स्नानघर को तोड़ दिया।

समिति ने यह भी आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान घर की महिलाएं स्नान कर रही थीं, जिन्हें असहज स्थिति में बाहर निकलना पड़ा। इसे अमानवीय व्यवहार बताते हुए समिति ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

वहीं पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए एक अन्य ज्ञापन में पोटला (सहाड़ा) निवासी मीठूलाल बागरी के परिवार को कथित रूप से झूठे मुकदमों में फंसाने का मुद्दा उठाया गया। समिति के अनुसार, बच्चों के विवाद को गंभीर मामला बनाकर करीब 10 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

समिति ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय लोग परिवार को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देते हैं तथा पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। मामले की उच्च स्तरीय जांच कर निर्दोष लोगों को शीघ्र रिहा करने की मांग की गई है।

इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार मालावत, भानचंद बागरिया, सोहनलाल, रामनाथ, मगनलाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## राजस्थान बना देश का पहला राज्य, जल जीवन मिशन 2.0 के तहत केंद्र से किया एमओयू

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा**

राजस्थान ने 'हर घर जल' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जल जीवन मिशन 2.0 की नई गाइडलाइन्स के अनुसार भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के साथ एमओयू करने वाला देश का पहला राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है।

यह एमओयू नई दिल्ली स्थित जल शक्ति मंत्रालय में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों के हित में जल जीवन मिशन को और प्रभावी बनाने के लिए केंद्र सरकार से अनुमति मांगी थी। स्वीकृति मिलने के बाद यह एमओयू किया गया, जो प्रदेश में जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने और हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदेश में डबल इंजन सरकार हर घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे विशेष रूप से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आएगा और दैनिक जीवन अधिक सुरक्षित व सुगम बनेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के विस्तारित स्वरूप को स्वीकृति मिलने के बाद इसे अधिक प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के प्रयास तेज किए गए हैं। यह एमओयू ग्रामीण परिवारों तक नल से नियमित एवं स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, सेवा गुणवत्ता सुधारने और समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## माँ इच्छापूर्णी दुर्गा मंदिर में 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि महोत्सव शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर में चैत्र नवरात्रि को लेकर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बनने जा रहा है। 19 मार्च से गांधी सागर तालाब के सामने स्थित माँ इच्छापूर्णी दुर्गा माता मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में विशेष सजावट के साथ भक्तिमय माहौल तैयार किया जा रहा है।

मंदिर के मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि पारो बहन के नेतृत्व में 19 मार्च को सुबह 5:15 बजे महाआरती के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात सुबह 6:15 बजे ध्वजारोहण एवं घटस्थापना की जाएगी।

नवरात्रि महोत्सव 27 मार्च तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रमों के तहत सुबह 5:15 से 7 बजे तक मंगल आरती एवं संकीर्तन, दोपहर 12 बजे मध्याह्न आरती, शाम 5:15 बजे संकीर्तन, शाम 7:15 बजे संध्या आरती तथा रात्रि 9:30 से 10:30 बजे तक रात्रि चौकी का आयोजन किया जाएगा।

अष्टमी के विशेष कार्यक्रम की जानकारी शीघ्र ही जारी की जाएगी। नवरात्रि महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम की तैयारियों में मंदिर के सेवादार पीताम्बर आसनानी, गंगाराम पेशवानी, अनिल आसनानी, दीपक पेशवानी, वरुण बालानी, पूजा दीदी, ज्योति आसनानी, कविता दीदी, हर्षा, रूपा, मुस्कान, करिश्मा, प्रकाश लखवानी, विक्की पेशवानी, रितिक जगत्यानी, राजू जगत्यानी, भावेश, कुनाल, महेश, नेभवानी सहित कई कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में बजट कार्यों की समीक्षा, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को जिले के दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 की बजट घोषणाओं के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं को जनहित से जुड़ा बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग जिम्मेदारी से कार्य करें।

समीक्षा के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए धीमी गति से चल रहे कार्यों में तेजी लाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया कि यदि किसी कार्य में भूमि, स्वीकृति या तकनीकी बाधा आ रही हो तो उसे तत्काल प्रशासन के संज्ञान में लाकर शीघ्र समाधान किया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर जिले के समग्र विकास में सक्रिय योगदान दें।




इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में बजट घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए निरंतर समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रणजीत सिंह, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस पर रोहिड़ा की बहार, शाहपुरा बना पर्यावरण संरक्षण की मिसाल

### ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्लभ वृक्ष की पहचान, संरक्षण और संवर्धन को लेकर अभियान तेज


**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचंद पेसवानी)।**

राजस्थान दिवस के अवसर पर जहां पूरा प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक धरोहरों का उत्सव मना रहा है, वहीं शाहपुरा क्षेत्र से पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। यहां ग्रामीण अंचलों में राजस्थान के राज्य पुष्प रोहिड़ा की खोज, संरक्षण और संवर्धन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो अब जन-जागरूकता का रूप लेता जा रहा है।

रेगिस्तान की कठोर जलवायु में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाला रोहिड़ा, जिसे वर्ष 1983 में राज्य पुष्प घोषित किया गया था, इन दिनों फाल्गुन-चैत्र माह में पीले, केसरिया और लाल रंग के फूलों से खिला हुआ है। यह वृक्ष जहां एक ओर मरुस्थल की शोभा बढ़ाता है, वहीं दूसरी ओर अपनी उपयोगिता के कारण भी विशेष महत्व रखता है।







वैज्ञानिक रूप से टेकोमेला अण्डूलाटा नाम से पहचाना जाने वाला यह वृक्ष लगभग 5 से 7 मीटर तक ऊंचा होता है। इसका तना कठोर एवं खुरदरा तथा पत्तियां लंबी, पतली और हरे रंग की होती हैं। इसके फूलों के खिलने पर मरुस्थलीय क्षेत्र सुनहरी आभा से आच्छादित हो जाता है।

रोहिड़ा की लकड़ी अत्यंत मजबूत और टिकाऊ होती है, जिसके कारण इसे 'मारवाड़ का सागवान' भी कहा जाता है। इसके फूलों पर भंवरे, तितलियां, मधुमक्खियां एवं विभिन्न पक्षी आकर्षित होते हैं, जिससे यह जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फूलों के पश्चात इसमें लंबी फलियां लगती हैं, जिनके बीज हवा के माध्यम से दूर-दूर तक फैलकर नए पौधों को जन्म देते हैं।

आमतौर पर मारवाड़ और शेखावाटी क्षेत्र में पाए जाने वाला यह वृक्ष अब शाहपुरा तहसील के विभिन्न गांवों अरनियाघोड़ा, ईटमारिया, दौलतपुरा, प्रतापपुरा, ढीकोला, लूलांस, भोजपुर, कनेछनखुर्द एवं कनेछनकलां में भी प्राकृतिक रूप से पाया जाना एक सुखद संकेत है।

इस पहल के पीछे शाहपुरा निवासी शिक्षक एवं पर्यावरण प्रेमी दिनेश सिंह भाटी का विशेष योगदान है, जो पिछले कई वर्षों से रोहिड़ा सहित अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य प्रतीकों के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों को ग्रामीणों, किसानों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का भी सहयोग मिल रहा है।

## दक्ष प्रजापति समाज विकास समिति की बैठक संपन्न, चंपालाल प्रजापत बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा**

**(गोपाल)।** दक्ष प्रजापति समाज विकास समिति तसवारिया अटलजी महाराज के प्रांगण में कोरम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

सुल्तानपुरा निवासी सांवरलाल प्रजापत ने बताया कि कोरम में सर्वसम्मति से चंपालाल प्रजापत को अध्यक्ष पद पर चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर देवा लाल जालमपुरा एवं सुगनचंद गुलाबपुरा, कोषाध्यक्ष पद पर राजाराम गुलाबपुरा, संगठन मंत्री पद पर नानूराम मांदेड़ा तथा प्रचार मंत्री पद पर लादूराम ऊखलिया व मिश्रीलाल कनिया को मनोनीत किया गया।

बैठक के दौरान समाज के लोगों ने 'श्री यादे मां' के जयघोष के साथ नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।



कोरम में समाज के उत्थान को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने, बच्चों एवं बालिकाओं को आगे बढ़ाने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया।

साथ ही युवा पीढ़ी को समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने का भी संकल्प लिया गया।

## शाहपुरा कृषि मंडी के पुनरुद्धार की मांग, किसानों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

महल चौक में आयोजित जन सुनवाई के दौरान शाहपुरा एवं बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने एकजुट होकर शाहपुरा कृषि मंडी के पुनरुद्धार की मांग उठाई। किसानों ने विधायक डॉ. लाला राम बैरवा को ज्ञापन सौंपकर मंडी में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की मांग की।

किसानों ने बताया कि वर्तमान में शाहपुरा कृषि मंडी जर्जर स्थिति में है और यहां व्यापारिक गतिविधियां लगभग ठप हैं। मंडी में पारदर्शी बोली व्यवस्था, उचित मूल्य, सटीक तौल एवं सुरक्षित भंडारण जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसके कारण किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए भीलवाड़ा, केकड़ी,



गुलाबपुरा और विजयनगर जैसे अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है।

ज्ञापन में किसानों ने अनाज, दाल, तिलहन, सब्जियां, फल, मसाले, पशु चारा एवं अन्य कृषि उत्पादों के व्यापार को स्थानीय मंडी में ही संचालित करने की व्यवस्था करने की मांग रखी, ताकि किसानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले।

इस दौरान विधायक डॉ. लाला राम बैरवा ने किसानों की समस्याएं सुनते हुए मंडी के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मंडी में आवश्यक सुविधाओं के विकास और व्यवस्था सुधार को लेकर संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्य किया जाएगा, ताकि किसानों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।जन सुनवाई में बड़ी संख्या में किसान एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नानीबाई रो मायरो कथा का समापन, भक्ति और भाव से सराबोर हुआ काछोला

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

कस्बे में आयोजित नानीबाई रो मायरो कथा का अंतिम दिवस भक्ति, भाव और समर्पण की अद्भुत सरिता लेकर आया। कथा के समापन अवसर पर पं. 'विष्णुश्री' कृष्णतनय महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए जीवन के मूल्यों और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि अपनी परंपराओं और संस्कृति की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक है, तभी हमारा भविष्य सुखद बन सकता है। जीवन में चाहे कितनी भी प्रगति क्यों न हो, मनुष्य को अपने मूल संस्कार नहीं भूलने चाहिए। उन्होंने कहा, यह तेरा-यह मेरा, एक



दिन सब कुछ इसी धरती पर रह जाएगा, यदि कुछ साथ जाएगा तो वह केवल भगवान की भक्ति और आराधना ही होगी। '

महाराज ने नरसी मेहता के चरित्र का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके जीवन से भगवान के प्रति अटूट विश्वास की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में प्रारब्ध और पुरुषार्थ का विशेष महत्व होता है, और नानीबाई रो मायरो कथा भी यही संदेश देती है कि सच्ची आस्था और अपनत्व के साथ भगवान की भक्ति करने से कोई कार्य अधूरा नहीं रहता।

कार्यक्रम के दौरान भजनों की प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। मनमोहक भजनों पर विशेषकर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वातावरण श्रद्धा से सराबोर हो गया।

समापन के बाद पं. विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज का श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। धर्मसभा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कैलाश चंद्र वैष्णव ने किया।

# भाजपा का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण महाभियान संपन्न, संगठन मजबूती पर जोर





**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**

भारतीय जनता पार्टी देहात अजमेर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत बावन माता ग्रामीण मंडल सावर विधानसभा क्षेत्र, केकड़ी का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय सामुदायिक भवन सावर में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। 17 मार्च से शुरू हुआ यह महाभियान विभिन्न सत्रों के साथ जारी रहा और गुरुवार को समापन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस महाभियान का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाना, कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं चुनावी दृष्टि से प्रशिक्षित करना तथा आगामी चुनावों के लिए तैयार करना रहा। प्रशिक्षण सत्रों में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

द्वितीय सत्र में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश कंवर ने भाजपा की वैचारिक पृष्ठभूमि, राष्ट्रवाद एवं सेवा भाव पर चर्चा करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद सिद्धांत को विस्तार से समझाया।

तृतीय सत्र में भाजपा जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी ने संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान एवं मंडल से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर मार्गदर्शन दिया।

चतुर्थ सत्र में पूर्व प्रधान प्रहलाद शर्मा ने बूथ प्रबंधन, मतदाता सूची, टीम गठन एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण देते हुए कहा, 'हर बूथ मजबूत होगा, तभी संगठन मजबूत होगा और जीत सुनिश्चित होगी। '

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह शक्तावत, जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह शक्तावत, मंडल अध्यक्ष राजीव हावा, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री पर्वतराज मीणा, पुष्पेंद्र सिंह शक्तावत, रंगलाल भील, संयोजक मंजीत सिंह शक्तावत, रोहित गुर्जर, शक्ति सिंह, आशा कंवर, मोहसिना बानो, मंडल महामंत्री लक्ष्मीनारायण मालावत, महावीर सेन, मनोज कहार, रोडू कुमावत सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजीव हावा ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करते हैं। मंच संचालन लक्ष्मीनारायण मालावत ने किया। समापन सत्र में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण सामग्री (बैग) वितरित किए गए तथा उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन की विचारधारा को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया गया।

दो दिवसीय इस महाभियान में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा, जनसंपर्क, बूथ प्रबंधन एवं चुनावी रणनीति की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दिखा उत्साह इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में क्षेत्र में भाजपा संगठन और अधिक मजबूत रूप में उभरेगा।

# नवसंवत्सर पर शाहपुरा में ऐतिहासिक शोभायात्रा आज, 20 हजार श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

हिंदू नववर्ष नवसंवत्सर के पावन अवसर पर नगर इस बार अध्यात्म, सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता के रंग में रंगने जा रहा है। 19 मार्च गुरुवार को नगर में भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक कलश यात्रा एवं शाही शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक उत्साह चरम पर है।

हिंदू नववर्ष समाजोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस विराट आयोजन में करीब 20 हजार श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। आयोजन की तैयारियां पिछले एक माह से गांव-गांव बैठकों और घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से की गई हैं।



कलश यात्रा का शुभारंभ सुबह 9 बजे सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल से होगा। यात्रा वेलकम होटल, बेगू चौराहा, उदयभान गेट, कालिंजरी गेट, बालाजी की छतरी और मुख्य बाजार होते हुए पुनः स्कूल परिसर पहुंचेगी। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं जल सेवा से श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा।

शोभायात्रा की विशेषता 11 हजार महिलाओं द्वारा सिर पर सजाए गए कलश होंगे, जो श्रद्धा और समृद्धि का प्रतीक होंगे। इसके साथ ही 300 तलवारों की शस्त्र वाहिनी सनातन धर्म की वीरता का प्रदर्शन करेगी। वहीं 108 आकर्षक झांकियां भारतीय संस्कृति, देवी-देवताओं और ऐतिहासिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेंगी।

अपराह्न 1 बजे अंतरराष्ट्रीय कथावाचक साध्वी सरस्वती दीदी नवसंवत्सर के आध्यात्मिक महत्व पर उद्बोधन देंगी। वहीं रात्रि 7:30 बजे प्रसिद्ध गायिका स्वाती मिश्रा द्वारा 'एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम' भजन संध्या का आयोजन होगा।

नववर्ष के स्वागत में पूरे शाहपुरा नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। प्रमुख मार्गों, चौराहों और यात्रा मार्ग पर भगवा पताकाएं लहरा रही हैं। जगह-जगह आकर्षक स्वागत द्वार बनाए गए हैं, जिन पर धार्मिक और सांस्कृतिक संदेश अंकित हैं। सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में भव्य मंच, फूल-मालाओं और आकर्षक लाइटिंग से विशेष सजावट की गई है, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आ रहा है। आयोजन समिति के डॉ. पुष्कर राज मीणा, द्वारका प्रसाद जोशी, हनुमान धाकड़ और सुमित पारीक ने बताया कि यह आयोजन शाहपुरा के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने नागरिकों से शोभायात्रा का स्वागत करने और श्रद्धालुओं के लिए जल सेवा की व्यवस्था करने की अपील की है।

# जैन श्वेतांबर सोशल रॉयल ग्रुप का छठा वार्षिक प्रवेश स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जैन श्वेतांबर सोशल रॉयल ग्रुप का छठा वार्षिक प्रवेश स्नेह मिलन समारोह रामधाम रोड स्थित माहेश्वरी भवन में बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष मुकेश सरोज सिसोदिया के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

संस्थापक अध्यक्ष विश्वास ज्योति सांखला ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसके पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। 'जय हिंद' के नारों से पूरा भवन देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। कोषाध्यक्ष संदीप चेतन ने सभी सदस्यों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष सुदर्शन सुरेखा पीपाड़ा ने नवप्रवेशित सदस्यों का स्वागत करते हुए उनका परिचय करवाया। कार्यक्रम का



संचालन सचिव नेहा विवेक छाजेड़ एवं सरोज अनिल बाफना द्वारा प्रभावी एवं रोचक शैली में किया गया, जिसमें बीच-बीच में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उपस्थित जनों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई। उपाध्यक्ष प्रेरणा राकेश लोढ़ा के निर्देशन में कपल गेम का आकर्षक आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मनीष बम्ब ने बताया की प्रतियोगिता में ओम-नीलम चौहान प्रथम, सुनील-ज्योति टिकलिया द्वितीय तथा विकास-गरिमा सिसोदिया तृतीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त 1 से 7 वर्ष एवं 8 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बच्चों के लिए भी विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कुल 50 सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। अंत में संरक्षिका प्रीति राजेंद्र गुगलिया एवं अध्यक्ष मुकेश सरोज सिसोदिया ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए ग्रुप की गतिविधियों की सराहना की। समारोह सौहार्द, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## QUICK BITES

# शब-ए-कद्र इबादत, इनाम और दुआओं की रात - मौलाना शाह

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**




कस्बे में माह-ए-रमजान के 27वें रोजे की रात शब-ए-कद्र को अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद में पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम के सानिध्य में विशेष इबादत और तरावीह नमाज अदा की गई।

मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने बताया कि शब-ए-कद्र की रात कुरान शरीफ के नाजिल होने की याद में खास अहमियत रखती है। उन्होंने कहा कि इस एक रात की इबादत हजार महीनों की इबादत के बराबर मानी जाती है। उन्होंने लोगों से गुनाहों की माफी मांगने और बुराइयों से बचने की दुआ करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह रात इनाम, इबादत और दुआओं की रात है।

कार्यक्रम के दौरान जामा मस्जिद के पेश इमाम का आम मुस्लिम समाज द्वारा फूलपोशी व दस्तारबंदी कर स्वागत किया गया तथा 61,786 रुपये का नजराना भेंट किया गया। साथ ही मदरसा के उन 21 बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने लगातार 40 दिनों तक पांचों वक्त की नमाज पाबंदी से अदा की। बच्चों को पानी की केन, तिरंगा पट्टी व फूलमालाओं से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी, कमालुद्दीन रंगरेज, हाजी रमजान अली बिसायती, हाजी कासम मोहम्मद रंगरेज, बाबू मेवाती, असरफ अली, अब्दुल सत्तार बागवान, फारूक बागवान, मोहम्मद शाबिर रंगरेज, उम्मेद अली, शरीफ बिसायती सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

साथ ही लोगों ने कब्रिस्तानों में जाकर अपने पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर दुआएं भी की।

# सिंधी विद्यार्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि, संस्था की नई पहल

**हेमू कालानी शिक्षण संस्था का फैसला, 10वीं-12वीं छात्रों को मिलेगा प्रोत्साहन**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



अमर शहीद हेमू कालानी सिंधी शिक्षण संस्था (रजि.) द्वारा भगवान श्री झूलेलाल के 1077वें अवतरण दिवस (चेटीचंड) एवं अमर शहीद हेमू कालानी के 104वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सिंधी समाज के विद्यार्थियों के लिए विशेष पहल की गई है। संस्था के अध्यक्ष दयाराम मेठानी ने बताया कि वर्ष 2026 में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी सिंधी बालक-बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी और समाज में खुशी का माहौल बनेगा। संस्था ने समाजजनों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं आसपास के पात्र विद्यार्थियों के आवेदन पत्र संस्था कार्यालय में जमा करवाएं। आवेदन पत्र कार्यालय पर उपलब्ध हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, विद्यालय परिचय पत्र, बैंक पासबुक तथा बोर्ड परीक्षा 2026 के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) की फोटो प्रतियां लाना आवश्यक है। यदि विद्यार्थी का स्वयं का बैंक खाता नहीं है, तो माता या पिता में से किसी एक के बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड की प्रतियां संलग्न करनी होंगी।

विद्यार्थी कार्यालय समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अमर शहीद हेमू कालानी सिंधी शिक्षण संस्था, गोविंद धाम रोड, सिंधुनगर, भीलवाड़ा में संपर्क कर सकते हैं। संस्था ने स्पष्ट किया है कि आवेदन के समय आवेदक का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है तथा यदि बैंक खाता अभिभावक के नाम पर है तो संबंधित अभिभावक की उपस्थिति भी आवश्यक होगी। यह पहल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बनकाखेड़ा में श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ में जोड़ों ने लगाई आहुतियां

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में श्री मोचड़िया के मंड देवनारायण भगवान के मंदिर प्रांगण में श्री बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में चल रहे श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ के दुसरे दिन स्थापित देवी देवताओं की? पूजा-अर्चना कर आह्वान किया, 11 जोड़ों ने हवन कुंड में आहुतियां लगाई । बानोड़ा बालाजी सेवा मंडल ने बताया कि श्री मोचड़िया का मंड देवनारायण मंदिर प्रांगण में बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय पंच कुंडीय महायज्ञ की शुरुआत सोमवार को 11 गांवों के चारभुजा नाथ कि भव्य शोभायात्रा के साथ विशाल कलश यात्रा के साथ हुई । स्वाति नक्षत्र वायु देव यज्ञ के दुसरे दिन बुधवार को स्थापित देवी देवताओं व चारभुजा नाथ की पूजा अर्चना कर स्तंभ पूजन की । बानोड़ा बालाजी आचार्यस्व एवं पंडितों के वैदिक मंत्रोचार के साथ 11 जोड़ो ने भगवान श्री राम, शिवजी व षोडश मातृका सहित अन्य देवी-देवताओं की 1008 आहुतियां लगाई । वहीं मंगलवार रात्रि को माताजी का भारत का आयोजन हुआ, जिसमें राधेश्याम गुर्जर मड़ावदा एंड पार्टी के द्वारा माताजी का भारत का वाचन किया गया ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।